आयुर्वेद के महत्व पर हुई चर्चा

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयुर्वेद का जीवनशैली और उद्यमिता में योगदान विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता डॉ. प्रीति मिश्रा ने आयुर्वेद के लाभ बताए। जानकारी दी कि आयुर्वेद कैसे जीवन शैली में बदलाव ला सकता है। आशीष जैसवाल ने व्यवसाय में आयुर्वेद की जगह और इसके नए स्तर के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रो. एहतेशाम अहमद, डॉ. ममता शुक्ला, प्रो. संजीव त्रिवेदी, प्रो. सौबांन सईद, डॉ. आरके त्रिपाठी, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. मनीष एवं डॉ. शान आदि थे। (संवाद)

CS CamScanner

भाषा विवि में हुई एनसीसी रैंक सेरेमनी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को एनसीसी इकाई में रैंक सेरेमनी व बी सर्टिफिकेट का वितरण हुआ। 17 एनसीसी कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट दिया गया। साथ ही कैडेट्स को रैंक से नवाजा गया। कैडेट वैष्णवी मिश्रा को सीनियर अंडर ऑफिसर, कैडेट वंदना को-अंडर ऑफिसर, शीरी फातिमा को जूनियर अंडर ऑफिसर, शांभवी व मेहविश बानो को सार्जेंट, सोमानिया शेख, कल्पना कनौजिया और तनु यादव को कॉरपोरल की रैंक से नवाजा गया। इस मौके पर एक शॉर्ट वीडियो में एनसीसी की उपलब्धियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने रैंक पाने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। सूबेदार मेजर देवपाल, एएनओ डॉ. ले. बुशरा अलवेरा, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला व डीआर दीप्ति मिश्रा आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

CamScanner

कैम्पस 30s

भाषा विवि के कैडेटों को रैंक मिली

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई में रैंक सेरेमनी एवं बी सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह की अध्यक्षता और सूबेदार मेजर देवपाल की उपस्थिति में 17 एनसीसी कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट दिए गए। इसके साथ ही कैडेट्स को उनके कार्यों एवं उपलब्धियां के आधार पर रैंक से भी नवाजा गया।

CamScanner

जागरण सिटी www.jagran.com
लखनऊ, बुधवार, 1 नवंबर, 2023

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एकता दौड़ में हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित होती है • सौ. केएमसी

CamScanner

एनसीसी कैडेट शीरीं महाराष्ट्र रवाना

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि की एनसीसी कैडेट शीरीं फातिमा भारत सरकार के अभियान 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' राष्ट्रीय कैंप में हिस्सा लेने के लिए बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र रवाना हो गईं। विवि की एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने बताया कि शिविर महाराष्ट्र राज्य के जलगांव में स्थित नॉर्थ महाराष्ट्र विश्वविद्यालय बम्बहोरी में 27 अक्तूबर से 7 नवंबर के तक चलेगा।

शिविर में उत्तर प्रदेश निदेशालय के 150 एनसीसी कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने छात्रा को शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

CamScanner

my city
अमर उजाला
amarujala.com/lucknow
7

अमृत कलश यात्रा निकाली

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इसमें विवि के शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने सभी को सुसंस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को देश की आजादी में अपना बलिदान देने वाले महापुरुषों का जीवन चरित्र समझाया गया। उधर, विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में नेशनल सिनेमा डे का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय समाज में सिनेमा का महत्व बताया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता चौधरी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

IV दैनिक जागरण लखनऊ, 14 अक्टूबर, 2023

'महापुरुषों से लें प्रेरणा'

लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. एनबी सिंह के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान को आगे बढ़ाया गया। इसमें अमृत कलश यात्रा निकाली गई। कुलपति ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को देश के महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा।

CamScanner